माँ शेरोवाली के द्वारे चलो | By Khushiram Dhiman |

माँ शेरोवाली के द्वारे चलो
माँ जोतावाली के द्वारे चलो
बैठी है माँ ऊँचे भवन में
माँ के दर्शन पाने चलो
माँ शेरोवाली के द्वारे चलो
माँ जोतावाली के द्वारे चलो

माँ के द्वारे जो भी आया
बिन माँगे वो सब कुछ पाया
ध्यानू भगत भी दर पे आया
चरणों में था शीश चढ़ाया
भेंट मन की चढ़ाने चलो
माँ शेरोवाली के द्वारे चलो
माँ पहाड़ावाली के द्वारे चलो

ऊँचे पर्वत कठिन चढ़ाई
पग-पग पर है ठोकर खाई
सब भक्तों ने माँ को पुकारा
दे दो ऐ माँ हमको सहारा
माँ की ममता जगाने चलो
माँ शेरोवाली के द्वारे चलो
माँ लटावाली के द्वारे चलो

भगत हैं माँ तेरे सब दुखियारी
विपदा के सब मारे-मारे
कोई नहीं है जग में सहारा
एक आस बस माँ का द्वारा
बिगड़ी किस्मत बनाने चलो
माँ शेरोवाली के द्वारे चलो
माँ जोतावाली के द्वारे चलो

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%81-%e0%a4%b6%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%8b%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%9a%e0%a4%b2/